Form No- III

फर्दअहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोलायत

सरकार

बनाम

जानकी देवी डागा

कस्म मुकदमा :– प्रार्थना पत्र न. 27 सन् 2020

न्तर्गत धारा :–राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम धारा 136

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियलसाजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
04-09-2020	यह प्रार्थना पत्र एडवोकेट श्री रामचन्द्रसिंह भाटी ने प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र सरिस्ते से रिपोर्ट होकर प्रस्तुत हुआ। तहसीलदार राजस्व कोलायत के क्रमांक: 345 दिनांक 27.08.2020 के द्वारा रिपोर्ट प्राप्त होने पर पत्रावली मुर्तिब की गयी। दर्ज रजिस्टर की जावें। तहसीलदार राजस्व कोलायत की रिपोर्टानुसार ग्राम सालासर के खेत खसरा नम्बर 520/202 तादादी 9500 वर्गगज मीटर औधोगिक प्रयोजनार्थ मुताबिक रिकॉर्ड जमाबन्दी में बृजरतन तापडिया पुत्र हनुमानदास तापडिया, उत्तम तापडिया पुत्र बृजरतन तापडिया कौम तापडिया सा0 कृष्ण मन्दिर के सामने सदर बाजार नोखा से उक्त भूमि जानकी देवी पत्नी श्री लक्ष्मीनारायण कौम डागा माहेश्वरी साकिन बीकानेर रोड पींपली चौक नोखा ने 4069 वर्ग गज जरिये बैयनामा खरीद की गयी है। जो कि उक्त भूमि पूर्व में खसरा नम्बर 424/202 का ही हिस्सा है। जो कि एन.एच. 11 पर स्थित है जो कि वर्तमान में गलत तरमीम के कारण एन.एच. 11 से दूर दर्शाया गया है। यह कि रिपोर्ट पटवारी एवं भू. अभिलेख निरीक्षक के मुताबिक उक्त खसरा नम्बरों की वर्तमान रिकॉर्ड में नक्शा दुरूस्ती की जानी उचित है आदि आदि। तहसीलदार राजस्व कोलायत द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं कागजात का गहरायी से अध्ययन किया तत्पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुचे कि सैगीगेशन के दौरान शीटों मे गलत तरमीम के कारण उक्त खसरा 520/202 एन.एच. 11 से दूर दर्शाया गया है। सैगीगेशन के दौरान त्रुटी हुवी है। अतः तहसीलदार राजस्व कोलायत की अभिशंषा के आधार पर उक्त शुद्धि खसरा नम्बर 520/202 जो एन.एच. 11 से दूर दर्शाया गया है, पूर्व की भाति एन.एच. 11 पर दर्शित करने व प्रभावित होने वाले अन्य सभी खसरों को पूर्वानुसार ऑनलाईन रिकॉर्ड में शुद्धि करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार राजस्व कोलायत के नाम तहरीर जारी हों तदानुसार शूद्धि कर ऑनलाईन रिकॉर्ड में संशोधन करें। पत्रावली फैशल शुमार होकर हस्त जाब्ता दाखिल दफतर हों। निर्णय आज दिनांक 04/09/2020 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी कोलायत जिला–बीकानेर	

Scanned with CamScanner